Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 26-07-2006

Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar

>

Title : Need to run the proposed A.M.U. train on Asansol-Bhojudih-Talgaria-Tapukadih route in larger public interest.

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्याम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान दक्षिण-पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत प्रस्तावित आसनसोल-बोकारो, ए.एम.यू. vAB तथा vi AB ट्रेन के रूट की ओर आकृट कराना चाहता हूं। इस संदर्भ में ज्ञात कराना है कि इस ट्रेन का रूट आसनसोल-भोजूडीह-तालगड़िया-तुपकाडीह-बोकारो स्टील सिटी होना चाहिए, क्योंकि इस रूट में कोई सवारी गाड़ी नहीं है, यहां केवल मालगाड़ियां चल रहीं हैं तथा यह मार्ग पैसेन्जर ट्रेन के परिचालन हेतु संबंधित विभाग द्वारा तकनीकी रूप से सत्यापित है।

विशेा रूप से तालगड़िया (पहाड़पुर) में मिथेन गैस का भंडार होने तथा इस परियोजना पर ओ.एन.जी.सी. द्वारा 950 करोड़ के प्रस्ताि वत नियोजन के परिप्रेक्ष्य में इस मार्ग में रेल यातायात की सुविधा उपलब्ध कराना आवश्यक है।

परन्तु उपरोक्त प्राथमिक आवश्यकता की अनदेखी करते हुए उक्त नई ए.एम.यू. गाड़ी को वाया पुरुलिया चलाने की कार्रवाई हो रही cè[R52]। इस मार्ग पर पहले से कई पैसेंजर ट्रेन तथा मेल एक्सप्रेस ट्रेन चल रही हैं। अत: मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि इस क्षेत्र की प्राथमिकता और आवश्यकता को देखते हुए उपरोक्त प्रस्तावित ट्रेन को आसनसोल-भोजुगी-तलगड़िया-सुखपाड़ी मार्ग पर इसके परिचालन का निर्देश दें।